लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी 10:42 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2080
अमृत विचार
वर्ष 4, अंक 356, पृष्ठ 16, मूल्यः 6 रुपये
बरेली, गुरुवार, 9 नवंबर 2023
www.amritvichar.com
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 07 BOTTOM

जोनल खेल फेस्ट में एमआईटी मुरादाबाद चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में डॉ. अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय की जोनल खेल प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा पदक जीतकर एमआईटी मुरादाबाद ओवरआल चैंपियन बना।

प्रतियोगिता में 100 मीटर बालक वर्ग में आदित्य नागर, बालिका वर्ग में अदिती बेनीवाल, 200 मीटर बालक वर्ग में प्रिंस कौशिक, बालिका में डिंपल सैनी, 400 मीटर बालक वर्ग में अंश चौहान, बालिका वर्ग में डिंपल सैनी, 800 मीटर बालक वर्ग में प्रवीण कुमार, बालिका वर्ग में वरदांशी वर्मा, लॉन्ग जंप में नावेद अली व अर्चना मिश्रा, हाई जंप में मो. साहिल व मनीषा जोशी, शॉटपुट में प्रशांत सिंह व दृष्टि वर्मा विजेता रहीं। इस दौरान

जोनल खेल फेस्ट की विजेता टीम खुशी मनाते हुए। ● अमृत विचार

● **एसआरएमएस परिसर में हुआ डॉ. अब्दुल कलाम टेक्निकल विवि की जोनल खेल फेस्टिवल का समापन**

एसआरएमएस ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन एकेडमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता, एसआरएमएस सीईटीआर के प्रिंसिपल डॉ. एलएस मौर्य, डॉ. अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय के आब्जर्वर रंजीत सिंह, ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर डॉ. अनुज कुमार, डॉ.आरती गुप्ता, डॉ. सोवन मोहंती ने विजेताओं को सर्टिफिकेट और ट्राफियां प्रदान कीं। इस मौके पर चीफ प्रोक्टर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, डायरो क्लब की अध्यक्ष श्रुति सक्सेना, सचिव सुधांशु वर्मा, ऋषभ वर्मा और रिया अग्रवाल मौजूद रहे।